‘ईट स्मार्ट सिटी चैलेंज’

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार के **खाद्य संरक्षा आयुक्त एवं पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से** पटना के सभी जेलों एवं अस्पतालों की रसोइयों का हाइजीन ऑडिट शुरू किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि अप्रैल 2021 में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप पुरी द्वारा **ईट स्मार्ट चैलेंज** प्रारंभ किया गया।
- स्मार्ट सिटी मिशन एवं **भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (Food Safety and Standards Authority of India-FSSAI)** द्वारा संयुक्त रूप आयोजित किये जा रहे इस चैलेंज में पटना सहित देश भर के 141 शहरों ने भाग लिया है।
- चैलेंज के अंतर्गत कम-से-कम **चार कैंपस (शैक्षणिक, कार्यालय, जेल, अस्पताल)**, जहाँ खाद्य सामग्री बनाने एवं खिलाने की व्यवस्था है, उनकी **115 मापदंडों के आधार पर हाइजीन ऑडिट** कराई जाएगी।
- ऑडिट में 85% अंक अनिवार्य हैं। इन अंकों के आधार पर ही FSSAI द्वारा कैंपस को ‘**ईट राइट कैंपस**’ घोषित किया जाता है।
- इस चैलेंज का उद्देश्य शहरी आबादी को सही भोजन विकल्प चुनने तथा स्वस्थ एवं खुशहाल राष्ट्र निर्माण में मदद करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eat-smart-city-challenge